मॉडल प्रश्नपत्र कक्षा-6

द्वितीय योगात्मक मूल्यांकन (Summative Assessment II)

सत्र- 2019-20

कक्षा – 6 **पूर्णांक - 50**

विषय - हिंदी/ENGLISH/गणित/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान **समय - 3 घंटा**

- **सभी प्रश्नों के उत्तर के चार विकल्प दिए गए हैं। निर्देशों को पढ़कर सटीक विकल्प चुनिए और ओ.एम.आर. शीट में संबंधित गोले को भरिए।**
- **सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।**

हिंदी

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और प्रश्न 1, 2 और 3 के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए -

महेंद्र सिंह धौनी अपनी पढ़ाई के दौरान खेलों में भी हिस्सा लेते थे। पहले उनकी रुचि फुटबॉल और बैडमिंटन में थी। वे फुटबॉल टीम में गोलकीपर की भूमिका निभाते थे। अपने फुटबॉल टीम के कोच की प्रेरणा से उन्होंने क्रिकेट की ओर कदम बढ़ाया। फिर क्या था, दसवीं कक्षा के बाद वे पूरी तरह क्रिकेट के हो गए और देखते ही देखते उनकी गिनती राँची के अच्छे विकेटकीपरों में होने लगी।

प्रश्न 1. महेंद्र सिंह धौनी की रुचि पहले किस खेल में थी?

a. क्रिकेट और फुटबॉल b. क्रिकेट और बैडमिंटन
c. फुटबॉल और बैडमिंटन d. फुटबॉल और हॉकी

प्रश्न 2. 'विकेटकीपर' किस खेल से संबन्धित है?

a. क्रिकेट b. फुटबॉल c. बैडमिंटन d. हॉकी

प्रश्न 3. 'दसवीं कक्षा के बाद वे पूरी तरह क्रिकेट के हो गए।' इस वाक्य का क्या आशय है?

a. वे एक अच्छे विकेटकीपर हो गए। b. वे पूरी तरह क्रिकेट खेलने लगे।
c. वे पढ़ाई छोड़ चुके थे। d. वे अन्य खेलों में भी हिस्सा लेते थे।

नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़िए और प्रश्न 4, 5 और 6 के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए -

जहाँ से चली मैं, जहाँ को गई मैं-
शहर, गाँव, बस्ती, नदी, रेत, निर्जन,
हरे खेत, पोखर,
झुलाती चली मैं, झुमाती चली मैं!
हवा हूँ, हवा मैं, बसंती हवा हूँ!

प्रश्न 4. हवा किसे नहीं झुलाती-झुमाती है?

a. शहर b. गाँव c. बस्ती d. घर

प्रश्न 5. इस पद्यांश में मुख्य रूप से किसके बारे में वर्णन किया गया है?

a. निर्जन b. हवा c. पोखर d. गाँव

प्रश्न 6. इस पद्यांश का मूल भाव क्या है?

a. हवा जिधर से भी जाती है, सबको झुलाती झुमाती जाती है।
b. हवा शहर, गाँव, बस्ती से होते हुए जाती है।
c. हवा नदी, रेत, निर्जन, हरे खेत, पोखर से भी होकर जाती है।
d. हवा जहाँ से चलती है वहीं पर वापस पहुँच जाती है।

प्रश्न 7. 'दीपा विद्यालय जाती है। <u>दीपा को</u> हिंदी पढना अच्छा लगता है।' - रेखांकित पद के लिए उचित सर्वनाम चुनें।

a. वह　　b. उसे　　c. तुम्हें　　d. आपको

प्रश्न 8. 'सूर्य' का पर्यायवाची है?

a. दिवाकर　　b. दिवस　　c. दीवा　　d. दीन

प्रश्न 9. 'आम के <u>पेड से</u> पत्ता गिरा।' - रेखांकित पद में कारक है-

a. करण　　b. कर्म　　c. अपादान　　d. संप्रदान

प्रश्न 10. 'बच्चों ने पोस्टर बनाया था।' - इस वाक्य में कौन-सा काल है?

a. वर्तमान काल　　b. भूत काल

c. भविष्यत काल　　d. इनमें से कोई नहीं

ENGLISH

Read the passage and choose the correct answer of question no. 11, 12 and 13 -

Sarhul is another major festival celebrated by the tribes of Jharkhand. This festival is celebrated in the middle of April. The first offering of fruits and vegetables is made to the Deity. Only then the tribals consume these gifts of nature. The local priest called 'pahan' performs all the rituals. Then the festival ends with songs and dance. After the festival ends, the seeds are sown with a hope that mother nature will gift them a bountiful harvest.

Q. 11. When do the tribals consume fruits and vegetables?

a. After singing and dancing　　b. After the rituals

c. After offering to the diety　　d. After the pahan performs the rituals

Q. 12. 'Sarhul is celebrated by the tribes of Jharkhand.' -

Choose another correct sentence for the given sentence.

a. Tribes of Jharkhand celebrate sarhul.

b. Tribes of Jharkhand had celebrated sarhul.

c. Tribes of Jharkhand celebrated sarhul.

d. Tribes of Jharkhand have celebrated sarhul.

Q. 13. Word 'HARVEST' is related to which activity?

a. Fishing　　b. Wood cutting　　c. Dancing　　d. Farming

Read the poem given below and answer the question no. 14, 15 and 16 -

When night comes I bury my face in my arms,
And dream that my paper boats float on and on
Under the midnight stars.
The fairies of sleep are sailing in them,
And the lading in their baskets full of dreams.

Q. 14. The poet's face is buried in his arms because ________.

a. he is sad.
b. its night and he is sleepy.
c. he is afraid of fairies.
d. he does not want to see the stars.

Q. 15. Choose the meaning of the phrase "on and on".

a. above
b. to start
c. continuous
d. random

Q. 16. Choose the odd one out.

a. Comes
b. Arms
c. Stars
d. Fairies

Q. 17. Fill in the blanks with correct option.

The Cows are _________ water.

a. drank
b. drinking
c. drunk
d. drinks

Q. 18. Read the words and choose their appropriate category.

PINKISH, YELLOWISH, BROWNISH, GREENISH

a. All are noun.
b. All are pronoun.
c. All are adverb.
d. All are adjectives.

Q. 19. Based on the given picture, which is the correct option.

a. A and B are longer than C.
b. C is the longer tree.
c. C is the longest tree.
d. C is shorter than D.



Q. 20. The correct sentence is -

a. John likes mango, orange and grapes
b. John likes mango orange and grapes.
c. John likes mango orange, and grapes.
d. John likes mango, orange and grapes.

गणित

प्रश्न 21. दो संख्याओं का अंतर 9576 है। इनमें से छोटी संख्या 100000 हो, तो बड़ी संख्या क्या होगी?

a. 109576
b. 190576
c. 100576
d. 95760

प्रश्न 22. वह सबसे बड़ी संख्या क्या होगी, जो 420 और 1148 को पूरी तरह विभाजित करे?

a. 14
b. 21
c. 28
d. 41

प्रश्न 23. 0.05 - 0.008 का मान क्या होगा?

a. 4.2
b. 0.42
c. 0.042
d. 0.402

प्रश्न 24. पैटर्न को पूरा करने के लिए खाली स्थान में क्या भरना होगा ?

100	93	86	79	....

a. 73
b. 72
c. 71
d. 74

प्रश्न 25. राजू ने 19 रु० / किग्रा की दर से 5 किग्रा चावल, 13.50 रु० / किग्रा की दर से 3 किग्रा दाल एवं 91 रु० / किग्रा की दर से 2 पैकेट सरसों तेल खरीदता है। राजू ने तीनों वस्तु खरीदने के लिए कुल कितनी राशि व्यय की?

a. 217.50 b. 217.00 c. 317.00 d. 317.50

प्रश्न 26. एक वर्ग का क्षेत्रफल वर्ग मीटर में क्या होगा, यदि वर्ग की भुजा की लंबाई 300 सेंटीमीटर हो?

a. 9 वर्ग मीटर b. 90 वर्ग मीटर

c. 900 वर्ग मीटर d. 900 वर्ग सेंटीमीटर

प्रश्न 27. एक वर्ग कक्ष की लंबाई 4.5 मीटर तथा चौड़ाई 3 मीटर है। वर्ग कक्ष का परिमाप क्या होगा?

a. 7.5 मीटर b. 15 मीटर c. 12 मीटर d.10.5 मीटर

प्रश्न 28. कौन-सा कथन सही है?

a. एक त्रिभुज में एक से अधिक अधिक कोण हो सकते हैं।

b. एक त्रिभुज में एक से अधिक न्यून कोण हो सकते हैं।

c. एक त्रिभुज में एक से अधिक समकोण हो सकते हैं।

d. त्रिभुज का प्रत्येक कोण 60^0 से कम होना चाहिए।

प्रश्न 29. वह चतुर्भुज जिसकी चारों भुजाएँ तथा चारों कोण आपस में बराबर हैं, कौन-सा चतुर्भुज कहलाता है?

a. आयत b. वर्ग c. सम चतुर्भुज d. समलंब चतुर्भुज

प्रश्न 30. तालिका के आधार पर बताइए कितने छात्रों ने 70 से अधिक अंक प्राप्त किए?

प्राप्तांक	50	58	62	72	77	81	86	90
छात्रों की संख्या	5	3	3	3	1	2	7	1

a. 11 b. 14 c. 25 d. 8

विज्ञान

प्रश्न 31. अमित के हॉस्टल में बच्चों को भोजन का पैकेट दिया जाता है। इसी भोजन को अमित और उसका बड़ा भाई दोनों खाते हैं। जाँच के बाद अमित स्वस्थ पाया गया जबकि उसके बड़े भाई में पोषक तत्वों की कमी पाई गई। कमी का संभावित कारण बताइए-

a. पैकेट का भोजन अमित के लिए संतुलित आहार है मगर उसके बड़े भाई के लिए नहीं।

b. भोजन के हर पैकेट में विटामिन की कमी है।

c. दिए जाने वाले भोजन में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन तो है मगर कार्बोहाइड्रेट की कमी है।

d. दिया जाने वाला भोजन अमित के लिए तो असंतुलित आहार है मगर उसके बड़े भाई के लिए नहीं।

प्रश्न 32. अंकित को नाश्ते में सत्तू का शरबत मिला, मगर उसे स्कूल के लिए तैयार होने में आधे घंटे का समय लग गया। अंकित ने पाया कि सत्तू के शरबत में मौजूद प्याज और टमाटर के टुकड़े सतह पर तैर रहे हैं मगर सत्तू के कण गिलास के तली में बैठने लगे हैं। क्रमशः प्याज और टमाटर के टुकड़ों का सतह पर तैरने और सत्तू के कणों का तली में बैठने के कारण बताएँ-

a. उत्प्लावकता और अवसादन
b. अवसादन और पृथक्करण
c. उत्प्लावकता और निस्तारण
d. अवसादन और निस्यंदन

प्रश्न 33. जब संदीप ने डंठल युक्त सफेद फूल को लाल रंग के पानी से भरी गिलास में इस प्रकार रखा कि उसका निचला हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। चार-पाँच घंटे के बाद सफेद फूल का अधिकतर हिस्सा लाल हो गया। कारण बताएँ-

a. लाल रंग तने के छिलके के जरिए फूल तक चला गया।
b. लाल रंग तने के छिलके से अंदर नलिका द्वारा फूल तक चला गया।
c. लाल रंग तने के सारे भाग से फूल तक चला गया।
d. तना पानी में डूबे होने के वजह से उसमें जड़ आ गया और जड़ से लाल रंग, फूल तक चला गया।

प्रश्न 34. विद्युत बल्ब जलाने के लिए एक बच्चे ने धातु के तार के बदले धागे का उपयोग कर विद्युत परिपथ बनाया। क्या इस तरह के विद्युत परिपथ में विद्युत बल्ब जलेगा? कारण बताएँ-

a. जलेगा, क्योंकि विद्युत परिपथ पूर्ण है।
b. नहीं जलेगा, क्योंकि धागा विद्युत का कुचालक है।
c. नहीं जलेगा, क्योंकि टर्मिनल उल्टा हो जाएगा।
d. नहीं जलेगा, क्योंकि सेल ख़राब हो सकता है।

प्रश्न 35. लोहे के बुरादे को जब छड़ चुंबक के संपर्क में लाया जाएगा तब क्या होगा?

a. बुरादा एक समान रूप से छड़ चुंबक में चिपक जाएगा।
b. बुरादा एक छोर में ज्यादा चिपकेगा।
c. बुरादा दोनों छोरों पर अधिक मात्रा में चिपकेगा।
d. बुरादा सिर्फ बीच के हिस्से में चिपकेगा।

प्रश्न 36. इनमें से कौन 'सूची छिद्र कैमरे' से बने प्रतिबिंब की विशेषता **नहीं** है ?

a. सूची छिद्र कैमरे से बना प्रतिबिंब वस्तु की अपेक्षा उल्टा होता है।
b. इससे बना प्रतिबिंब काल्पनिक होता है।
c. इससे बने प्रतिबिंब में वस्तु का वास्तविक रंग दिखाई देता है।
d. इससे बना प्रतिबिंब वस्तु की अपेक्षा छोटा, बड़ा या वस्तु के आकार का हो सकता है।

प्रश्न 37. जलती हुई मोमबत्ती को किसी बर्तन से ढँक देने पर मोमबत्ती बुझ जाती है जबकि उस बर्तन में वायु उपस्थित रहती है। बर्तन के भीतर बची हुई वायु में कौन-सी गैस हो सकती है?

a. ऑक्सीजन और कार्बन डाईऑक्साइड
b. कार्बन डाईऑक्साइड और नाइट्रोजन
c. ऑक्सीजन और नाइट्रोजन
d. ऑक्सीजन

प्रश्न 38. पौधा युक्त एक गमले को दो दिनों के लिए अँधेरे कमरे में रखिए। इस पौधे की एक पत्ती के आंशिक भाग को दोनों ओर काले कागज़ से ढँक दीजिए। अब इस पौधे को पूरे दिन के लिए सूर्य के प्रकाश में रखिए।

यह प्रयोग किस चीज के परीक्षण में इस्तेमाल किया जा सकता है?

a. ऑक्सीजन
b. कार्बन डाईऑक्साइड
c. मंड/स्टार्च
d. आयोडीन

प्रश्न 39. सचिन की ऊँचाई 1.68 m है, तो उसकी ऊँचाई क्रमश cm और mm में क्या होगा ?

a. 168 cm और 1680 mm
b. 16.8 cm और 16800 mm
c. 168 cm और 16800 mm
d. 16.8 cm और 1680 mm

प्रश्न 40. लम्बाई मापने के तरीके में कौन-सा कथन सही नहीं है?

a. पैमाने (स्केल) को वस्तु की लम्बाई के समान्तर तथा उससे सटाकर रखना चाहिए।
b. पैमाने (स्केल) के सिरे टूटे होने पर पैमाने के शून्यांक से माप नहीं लेनी चाहिए।
c. किसी वक्र-रेखा की लम्बाई सिर्फ मीटर पैमाने का उपयोग करके मापी जा सकती है।
d. माप लेने के लिए आँख की स्थिति स्केल के उस चिह्न के लम्बवत होनी चाहिए जिसका पठ्यांक लेना है।

सामाजिक विज्ञान

प्रश्न 41. नीचे दिए गए राज्यों में से उस राज्य का नाम बताइए जो हिमालय पर्वतीय प्रदेश में स्थित है?

a. राजस्थान
b. तमिलनाडु
c. हिमाचल प्रदेश
d. ओडिशा

प्रश्न 42. झारखंड में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए स्थापित अभयारण्य तथा स्थान के सही जोड़े का चयन कीजिए-

a. दलमा - धनबाद
b. तोपचांची - पूर्वी सिंहभूम
c. पालकोट - पलामू
d. लावालोंग - चतरा

प्रश्न 43. दिए गए चित्र में किस महाद्वीप को प्रदर्शित किया गया है?

a. दक्षिण अमेरिका
b. आस्ट्रेलिया
c. यूरोप
d. एशिया

प्रश्न 44. दिए गए जोड़े में अशोक के साम्राज्य के प्रांत एवं राजधानी में जो सही जोड़ा है, उसे चुनिए-

a. उतरापथ - तक्षशिला
b. अवन्ति - तोसली
c. प्राशी - सुवर्णगिरि
d. कलिंग - पाटलिपुत्र

प्रश्न 45. राजा मेदिनी राय एक महान निर्माता शासक के रूप में माने जाते हैं। क्यों?

a. कला के पोषक के कारण
b. कुशल प्रशासक के कारण
c. नहरों का निर्माण करवाने के कारण
d. भवनों एवं किलों का निर्माण करवाने के कारण

प्रश्न 46. 'प्राचीन काल में विज्ञान के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई थी। लोग स्टील बनाने की कला से परचित थे।' - इस कथन को सही मानने के लिए कौन-सा उदाहरण उपयुक्त माना जा सकता है?

a. कोलकता में बना हावड़ा ब्रिज b. अशोक के शिलालेख

c. बुलंद दरवाजा d. कुतुबमीनार परिसर में खड़ा लौह-स्तंभ

प्रश्न 47. 'मोक्ष-प्राप्ति के लिए मनुष्य को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।'

यह किस धर्म का सिद्धांत है?

a. जैन b. बौद्ध c. सिख d. हिंदू

प्रश्न 48. सीता एक विशेष अवसर पर मेला घूमने गई थी। वहाँ उसने कुछ लोगों को आग की अंगारों पर चलते देखा। क्या आप बता सकते हैं कि सीता किस अवसर पर मेला घूमने गई थी?

a. टुसू पर्व b. करमा पूजा c. मंडा पूजा d. सोहराय पर्व

प्रश्न 49. नगर निगम का प्रमुख कौन होता है?

a. वार्ड सदस्य b. मेयर c. उपमेयर d. मुखिया

प्रश्न 50. राज्यों के विधान सभा चुनाव में व्यस्कों द्वारा मतदान कर अपने नेता का चयन किया जाता है। इस तरह की प्रक्रिया किस प्रकार के शासन-व्यवस्था की विशेषता को दिखाता है?

a. राजतंत्र b. लोकतंत्र c. गणतंत्र d. तानाशाही

****